बीकानेर के भड़ल गांव में दो गाड़ियों के बीच फंसी स्विफ्ट, नवजात सहित तीन की मौत

प्रसूता और दो दिन की मासूम को हॉस्पिटल से लेकर घर लौट रहा था परिवार

बीकानेर, (निसं)। यहां भड़ल गांव में एक्सीडेंट के कारण दो गाड़ियों के बीच फंसी स्विफ्ट कार में एक नवजात सहित तीन लोगों की मौत हो गई। परिवार प्रसूता और 2 दिन की मासूम को हॉस्पिटल से लेकर घर लौट रहा था। हादसा शाम सात बजे बज्जू थाना क्षेत्र में हुआ। स्विफ्ट में कुल 6 लोग थे। प्रसूता सहित तीन लोग गंभीर घायल हैं। घायलों को पहले बज्जू हॉस्पिटल लाया गया, जहां बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

- **प्रसूता सहित तीन लोग गंभीर घायल, घायलों को बज्जू हॉस्पिटल लाया गया, जहां से बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया**

बज्जू थानाधिकारी चंद्रजीत सिंह भाटी ने बताया परिवार फलोदी के मदासर गांव का रहने वाला है। हॉस्पिटल से घर जाते समय उनकी कार बज्जू से करीब 30 किलोमीटर दूर कैंपर से भिड़ गई। कुछ सेकेंड बाद ही कार के पीछे चल रही स्कॉर्पियो उनकी कार से टकरा गई। स्विफ्ट के अंदर फंसे सभी घायलों को करीब आंधा घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इलाज के दौरान बज्जू के हॉस्पिटल में नवजात के मामा रिछपाल (प्रसूता के काका का बेटा) की मौत हो गई, जबकि, अन्य घायलों को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया। रास्ते में नवजात और उसकी नानी ऐलची पत्नी शैलूराम ने भी दम तोड़ दिया। वहीं, बच्ची की मां बाधु देवी, मामा मनीष पुत्र शैलूराम और उसकी पत्नी मंजू देवी गंभीर घायल हैं। सभी पीबीएम हॉस्पिटल में एडमिट हैं। बज्जू थानाधिकारी ने बताया कि मौके पर कैंपर और स्कॉर्पियो का ड्राइवर फरार हो गए थे। इनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों से भी जानकारी ली गई है। घटना को लेकर मनीष पुत्र शैलूराम ने एफआईआर दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिए गए हैं।

हनुमानगढ़ में जीप-स्कूटी में टक्कर, पिता-बेटे सहित तीन की मौत

छह साल के मासूम सहित दो ने मौके पर और एक ने अस्पताल में दम तोड़ा

हनुमानगढ़, (निसं)। पीलीबंगा-रावतसर रोड पर देर शाम हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 40 वर्षीय व्यक्ति और 6 साल के मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीसरे व्यक्ति ने जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा पीलीबंगा-रावतसर रोड पर जीप और स्कूटी के बीच हुई जोरदार टक्कर के कारण हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार सुनील (40) पुत्र ओमप्रकाश, निवासी वार्ड नंबर 22, पीलीबंगा और 6 वर्षीय परी पुत्र राकेश नायक निवासी पीलीबंगा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में राकेश पुत्र पीरथा राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हनुमानगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान राकेश ने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक परी और राकेश पिता-बेटे थे। स्कूटी सवार सुनील और राकेश ईंट-भट्टे पर मजदूरी का काम करते थे। एक ही परिवार के पिता-बेटे और एक अन्य व्यक्ति की मौत से परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है। हादसे की सूचना मिलते ही एएसआई दिनेश कुमार मालिया पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करवाया गया।

पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और टक्कर के पीछे क्या कारण रहे, इसे लेकर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। एक साथ 3 लोगों की मौत की खबर से पीलीबंगा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

करंट से युवक की मौत

पावटा, (निसं)। खेत में फव्वारे लगाने के दौरान 11 हजार केवी विद्युत लाइन से पानी के जरिए हवा में करंट बनने से 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत प्रेमनगर निवासी संदीप पुत्र गिरधारी खेत में सिंचाई के लिए फव्वारे लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन नीची होने के कारण संपर्क क्षेत्र में फव्वारे से निकलता पानी पहुंच गया। पानी के माध्यम से हवा में करंट बनने से युवक इसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने युवक को बचाने का प्रयास किया और उसे तत्काल उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र महज 22 वर्ष बताई जा रही है।

चूरू में दो दिवसीय समारोह का आयोजन आज से

जयपुर/चूरु। प्रयास संस्थान, चूरू के तत्वाधान में पद्मश्री विजयदान देथा "बिज्जी" शताब्दी समारोह का आयोजन श्री ओसवाल श्री संघ पंचायत चूरू के सेमिनार हॉल में सोमवार को 99 वर्षीय प्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो. घासीराम वर्मा द्वारा किया जाएगा।

- **देशभर के 100 साहित्यकार, लेखक, रंगकर्मी, पत्रकार, चिंतकों की सहभागिता रहेगी**

प्रयाग संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि पदमश्री विजयदान देथा "बिज्जी" शताब्दी समारोह में देशभर के 100 वरिष्ठ साहित्यकार,लेखक, रंगकर्मी पत्रकार विभिन्न सत्रों में राजस्थानी के मूर्धन्य साहित्यकार पद्मश्री विजयदान देथा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करेंगे। उद्घाटन सत्र में राजस्थानी विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. कल्याण सिंह शेखावत, पद्मश्री डॉ. चंद्रप्रकाश देवल, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सत्यनारायण, राजस्थानी भाषा साहित्य संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्याम महर्षि शिक्षाविद महेंद्र देथा बिज्जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर व्यक्तव्य देंगे। उद्घाटन सत्र का संयोजन डॉ.उम्मेद गोठवाल करेंगे। दो दिवसीय समारोह में पांच सत्र होंगे।

दो साइबर ठग गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। उनियारा थानाधिकारी ओंम कंवर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा उनियारा क्षेत्र मे हुई सायबर ठगी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए म्यूल खाताधारक रामराज के खाते की जांच करने पर पाया कि खाते में लेनदेन व खाते का उपयोग अपने पुत्र रामखिलाड़ी उपयोग कर रहा है जो साइबर ठग से ठगी की राशि डलवाता है तथा उसमें से नगद निकलवाकर 10 प्रतिशत कमीशन काटकर साइबर ठगों को देना पाया गया है, जिसके बाद पुलिस ने साईबर ठग के विरुद्ध आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक की जांच मे म्यूल खाते पर दर्ज दो शिकायतों में 16 लाख 32 हजार की ठगी की गई है।

इसी प्रकार इस अभियान में पीपलू पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए साइबर ठग कृष्ण कुमार चौधरी पुत्र रामलाल निवासी निमेडा के खाता के सम्बध में साइबर पोर्टल पर जांच की गई तो आरोपी के खिलाफ एनसीआर पोर्टल पर 3 शिकायत दर्ज होना पायी गयी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी द्वारा फर्जी सिम कार्ड व फर्जी बैंक खातों, म्यूल अकाउंट्स व फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाईलों का इस्तेमाल करना पाया गया।

धौलपुर में देवस्थान के कुंड में डूबने से चार भाई-बहनों की मौत

धौलपुर, (निसं)। जिले के आंगई थाना क्षेत्र के बिरजा गांव में रविवार सुबह एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां देवस्थान पर दर्शन करने गए एक ही परिवार के चार भाई-बहनों की कुंड (तालाब) में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बिरजा सहित मृतकों के पैतृक गांव में मातम पसर गया है।

- **पैर फिसलने के कारण एक भाई गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा तो उसे बचाने के प्रयास में तीनों बहनें भी कुंड में कूद गईं, जिससे सभी डूब गये**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नथुआ का पुरा निवासी भोलू उर्फ रवि गुर्जर बिरजा गांव स्थित प्रसिद्ध हीरामन बाबा मंदिर परिसर के पास बने कुंड के समीप गया था। इसी दौरान पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई को संकट में देख और उसे बचाने के प्रयास में उसकी तीनों बहनें भी एक-एक करके कुंड में कूद गईं। पानी की गहराई अधिक होने के कारण चारों पानी से बाहर नहीं आ सके और उनकी डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान मनोरमा (30), बोटो (36), भोलू उर्फ रवि गुर्जर (23) और उनकी चचेरी बहन निशा (21) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सरमथुरा वृत्ताधिकारी दुलीचंद और आंगई थाना अधिकारी कृपाल सिंह चौधरी पुलिस जाब्ते के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों युवतियों के शवों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया था, जबकि युवक का शव गहराई में होने के कारण समय रहते नहीं मिल सका। इसके बाद प्रशासन द्वारा एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को भी कुंड से बाहर निकाला। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर सरमथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया, जहाँ मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई और चारों शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

हमले का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। चाकू से जानलेवा हमला करने के दर्ज मामले में गुमानपुरा पुलिस टीम ने मामले में फरार चल रहे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 26 जुलाई को परिवादी इन्द्रजीत सिह सोलंकी ने थाने में रिपोर्ट दी। परिवादी ने रिपोर्ट में कहा कि एक्टिवा में पैट्रोल भरवाने के लिए जा रहा था कि घोड़ा वाला बाबा चौराहे के पास पहुंचा तो पीछे से दो बाईक पर अंशुल कालिया, रोहित कबुतर, प्रिन्स अरोड़ा, मेहुल बच्चा, फैजल बच्चा आये और जान से मारने की नियत से उसके उपर चाकू से हमला कर दिया। रिपोर्ट मे कहा कि पुरानी रंजिश के चलते हमलवारो ने चाकू से वार किये तो वह एक्टिवा से नीचे गिर गया, जिसके बाद हमलावरों ने पाईप से मारपीट की।

अनूपगढ़ के रावला में पाकिस्तान से लाई गई दो करोड़ की हेरोइन पकड़ी

पुलिस, बीएसएफ और सीआईडी की टीम ने एक युवक को हिरासत में लिया

अनूपगढ़, (निसं)। जिले के रावला थाना क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास से 2 करोड़ से ज्यादा की हेरोइन बरामद की है। पुलिस, बीएसएफ और सीआईडी की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के 12 केएनडी क्षेत्र की 3 केएनएम की ढाणी में एक मकान पर छापा मारा। इस दौरान करीब 2.35 करोड़ रुपए की 470 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान स्थानीय युवक अरविंद को हिरासत में लिया गया है।

- **हेरोइन बरामद होने की सूचना मिलने पर मकान मालिक सुरेंद्र बिश्नोई ने कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया**

जानकारी के अनुसार, उसके कब्जे से पाकिस्तान से लाई गई हेरोइन जब्त की गई। पुलिस की विस्तृत जांच के बाद ही इस तस्करी नेटवर्क और मादक पदार्थ के वास्तविक स्रोत का खुलासा हो पाएगा। हेरोइन बरामद होने की सूचना मिलने पर मकान मालिक सुरेंद्र बिश्नोई (निवासी 3 केएनएम) ने कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि वह घर के दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगाने की कोशिश कर रहा था। परिजनों और मौके पर मौजूद लोगों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बीकानेर रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। एसपी हरीशंकर ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है और पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियां बरामद हेरोइन के स्रोत, इसके पाकिस्तान कनेक्शन और इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच में जुटी हुई हैं।

जोधपुर निगम चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा से पहले ही कांग्रेस में विरोध शुरू

कांग्रेस में संभावित प्रत्याशियों को लेकर कई कार्यकर्ता विरोध जता रहे हैं

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर नगर निगम चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा से पहले ही विरोध शुरू हो गया है। कांग्रेस में संभावित प्रत्याशियों को लेकर कई कार्यकर्ता विरोध जता रहे हैं। वार्डों में स्थानीय को ही प्रत्याशी बनाने की मांग की जा रही है।

- **वार्डों में स्थानीय को ही प्रत्याशी बनाने की मांग की जा रही है, बाहरी प्रत्याशी को टिकट दिए जाने का विरोध किया जा रहा है**

रविवार को जोधपुर नगर निगम के वार्ड चार के कांग्रेस कार्यकर्ता शहर कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचे तथा संभावित उम्मीदवार बाहरी होने का विरोध किया। कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कार्यालय में मौजूद पार्टी पदाधिकारी ने उनको समझाया तो वापस चले गए। वार्ड 69 में कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी का भी विरोध किया जा रहा है। बाहरी प्रत्याशी को टिकट दिए जाने की चर्चा के बीच नाराज कांग्रेस समर्थक और वार्डवासी पूर्व विधायक मनीषा पंवार के आवास पर जा पहुंचे। वार्डवासियों ने अपनी पसंद के स्थानीय दावेदार लियाकत अली रंगरेज के समर्थन में बात रखी। यहां अरशद चौहान भी टिकट के दावेदार हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है इससे तो स्थानीय समर्थकों की नाराजगी सामने आ सकती है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि लियाकत अली रंगरेज को टिकट नहीं मिला तो उन्हें निर्दलीय मैदान में उतारने और समर्थन देने का फैसला लिया जा सकता है। वहीं, एक कांग्रेस कार्यकर्ता का भी वीडियो सामने आया है। वीडियो में स्वयं को कांग्रेस कार्यकर्ता बताने वाली डॉ. अनिता परिहार संभावित टिकट को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने वार्ड संख्या 99 और 100 से पूर्व महापौर कुंती देवड़ा और उनके भाई मयंक देवड़ा को टिकट दिए जाने की संभावनाओं पर नाराजगी जताई है।

भीलवाड़ा नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रताप मंडल में टिकट वितरण को लेकर नाराजगी

टिकट वितरण से नाराज 70 पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया

भीलवाड़ा, (निसं)। नगर निकाय/स्थानीय चुनाव के लिए पार्टी स्तर पर चल रही टिकट वितरण की प्रक्रिया के बीच भारतीय जनता पार्टी के भीतर अंतरकलह और भारी आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। भाजपा प्रताप मंडल के करीब 70 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने टिकट बंटवारे में अनिमियतताओं और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाते हुए मंडल अध्यक्ष राव नागेंद्र सिंह को अपने सामूहिक इस्तीफे सौंप दिए हैं। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों का आरोप है कि पार्टी के लिए 20-20 वर्षों से समर्पित होकर काम करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। आरोप है कि ऐसे बाहरी और पैराशूट उम्मीदवारों को टिकट में प्राथमिकता दी जा रही है, जिन्होंने कभी बूथ स्तर पर कोई काम नहीं किया और जिन्हें भाजपा जिला कार्यालय तक का पता नहीं है।

- **पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने टिकट बंटवारे में अनिमियतताओं और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया**

मामले पर भाजपा प्रताप मंडल अध्यक्ष राव नागेंद्र सिंह ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं में अनधिकृत रूप से टिकट बांटे जाने की अफवाहों और फोन कॉल्स को लेकर भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने पुष्टि की कि बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों समेत लगभग 70 पदाधिकारियों ने अपना प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा उन्हें सौंपा है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि वे कार्यकर्ताओं की इस नाराजगी और इस्तीफे के विषय में जिला एवं प्रदेश नेतृत्व को जल्द अवगत कराएंगे। धनपाल सिंह चंडालिया (शक्ति केंद्र संयोजक, वार्ड 20) का कहना है कि हमारे वार्ड में जिस व्यक्ति को टिकट देने की चर्चा है, उसने कभी बूथ की शक्ल तक नहीं देखी। बिना जांच-पड़ताल और जमीनी स्थिति जाने ऐसे निर्णय लेने से समर्पित कार्यकर्ता आहत हैं। विजय शर्मा (सक्रिय कार्यकर्ता) का कहना है कि हम 20 वर्षों से दिन-रात पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। हमें टिकट न मिलने का मलाल नहीं है, लेकिन टिकट किसी निष्ठावान कार्यकर्ता को मिलना चाहिए न कि ऐसे पैराशूट उम्मीदवारों को जो संगठन के बारे में कुछ नहीं जानते।

टाइगर रिज़र्व सेंचुरी के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शन में भारी भीड़ उमड़ी

सरमथुरा/गंगापुर सिटी, (निसं)। सरमथुरा-धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व सेंचुरी के विरोध में सरमथुरा के बसंतपुरा मोड़ स्थित खरेर नदी के पास चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में रविवार को जन आक्रोश का सैलाब उमड़ा। रविवार को अवकाश होने के कारण सुबह से ही जिला करौली के मंडरायल, सहित बाड़ी उपखंड के गांवों सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप, जीप, बाइक और अन्य वाहनों में भरकर धरना स्थल पर पहुंचे। देखते ही देखते पूरा धरना स्थल जनसैलाब में तब्दील हो गया। वहीं वजीरपुर के मीना बड़ौदा सहित 28 गांवों के किसान बड़ी संख्या में सरमथुरा स्थित धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन का समर्थन किया। किसानों ने सरकार से मांग की कि टाइगर रिजर्व से प्रभावित होने वाले ग्रामीणों के जमीन, खेती, वन अधिकार और रोजगार से जुड़े हितों को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने जोर दिया कि वन्यजीव संरक्षण आवश्यक है, लेकिन इसके साथ ही क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

करौली के मंडरायल, सहित बाड़ी उपखंड के गांवों सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप, जीप, बाइक और अन्य वाहनों से धरना स्थल पर पहुंचे।

वजीरपुर के मीना बड़ौदा समेत आसपास के गांवों से आए किसानों ने कहा कि यह किसी एक गांव का नहीं, बल्कि पूरे 28 सा क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। किसानों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी मांगों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। धरना स्थल पर किसानों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों की बड़ी संख्या में मौजूदगी के कारण सरमथुरा में दिनभर आंदोलन को लेकर माहौल बना रहा। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी समस्याओं और आशंकाओं का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरना स्थल पर संघर्ष समिति द्वारा लगाया गया विशाल पंडाल भी आज की भीड़ के आगे छोटा पड़ गया। लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर "टाइगर रिजर्व रद्द करो" के नारे लगा रहे थे। भारी जनसैलाब के कारण सरमथुरा धौलपुर-करौली नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। हाईवे पर दोनों तरफ करीब 3 से 4 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। सभी का एक ही कहना था कि टाइगर रिजर्व के नाम पर हमें हमारे जल, जंगल, जमीन और हमारे पुश्तैनी हक से बेदखल किया जा रहा है। अगर यह टाइगर रिजर्व बना तो हमारे सैकड़ों गांव उजड़ जाएंगे, हमें पलायन करना पड़ेगा और हमारी खेती-किसानी और रोजगार पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मंच से हुंकार भरते हुए कहा कि यह लड़ाई सिर्फ टाइगर रिजर्व के विरोध की नहीं है, बल्कि हमारे अस्तित्व, हमारे भविष्य और हमारी आने वाली पीढ़ियों को बचाने की लड़ाई है। समिति ने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक सरकार टाइगर रिजर्व सेंचुरी के फैसले को वापस नहीं लेती, तब तक यह धरना प्रदर्शन इसी तरह अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा। समिति ने चेतावनी दी कि अगर सरकार और प्रशासन ने जल्द से जल्द हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया और कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और भी उठा होगा। मजबूरन हमें हजारों की संख्या में राजधानी जयपुर कूच कर विधानसभा का घेराव करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार और जिला प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरमथुरा थाना पुलिस सहित आसपास के थानों का भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

- **किसानों ने सरकार से मांग की कि टाइगर रिजर्व से प्रभावित होने वाले ग्रामीणों के जमीन, खेती, वन अधिकार और रोजगार से जुड़े हितों को सुरक्षित रखा जाए**

राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति द्वारा राष्ट्रीय सृजन पुरस्कारों की घोषणा

जयपुर/श्रीडूंगरगढ़। राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति ने वर्ष 2026 के राष्ट्रीय सृजन पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। समिति का सर्वोच्च मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान रोहतक के वरिष्ठ साहित्यकार मधुकांत को उनके समग्र साहित्यिक अवदान के लिए प्रदान किया जाएगा। वहीं डॉ. नंदलाल महर्षि स्मृति हिन्दी सृजन पुरस्कार जयपुर के कथाकार-उपन्यासकार डॉ. सूरजसिंह नेगी को उनकी औपन्यासिक कृति 'भावेश जो कह न सका' के लिए दिया जाएगा। सभी पुरस्कार 27 सितम्बर को श्रीडूंगरगढ़ में आयोज्य समारोह में अर्पित किए जाएंगे।

समारोह में कई साहित्यकारों का सम्मान किया जायेगा।

समिति अध्यक्ष और जाने माने साहित्यकार श्याम महर्षि एवं उपाध्यक्ष डॉ. मदन सैनी ने बताया कि हिन्दी की विभिन्न विधाओं में श्रेष्ठ सृजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर ये पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष देश के बारह से अधिक राज्यों से प्रविष्टियां एवं प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से चयन समिति ने कृतियों एवं रचनाकारों का चयन किया। संस्था के मंत्री एवं पुरस्कार समिति के संयोजक रवि पुरोहित ने बताया कि श्रीशिवप्रसाद सिखवाल स्मृति महिला लेखन पुरस्कार उज्जैन की साहित्यकार मीरा जैन को व्यंग्य संग्रह 'हेल्थ हादसा' के लिए तथा श्यामसुन्दर नागला स्मृति बाल साहित्य पुरस्कार मड़वा नगर, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ बाल साहित्यकार लाल देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव को बाल काव्य कृति 'देश की मिट्टी है अनमोल' के लिए प्रदान किया जाएगा।सुरेश कंचन ओझा लेखन पुरस्कार किशनगढ़ के डॉ. सतीश कुमार को उनकी कृति 'भारत में लोकतंत्र' के लिए दिया जाएगा। यह पुरस्कार पं. गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार से सम्मानित लेखक सुरेश ओझा के सौजन्य से इतर साहित्यिक लेखन के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। गत वर्ष प्रारम्भ किये गए श्री चन्द्रमोहन हाड़ा हिमकर स्मृति उपन्यास लेखन पुरस्कार के लिए गाजियाबाद के साहित्यकार अरविंद पथिक की कृति 'असभ्यता का आक्रमण' का चयन हुआ है। आयोजन समन्वयक महावीर माली ने बताया कि पुरस्कार अर्पण समारोह के साथ साहित्यिक संगोष्ठी भी आयोजित होगी। संस्था के कोषाध्यक्ष रामचन्द्र राठी के अनुसार साहित्यश्री सम्मान के तहत 21 हजार रुपए नगद, जबकि अन्य पुरस्कारों के तहत 11-11 हजार रुपए के साथ सम्मान-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं शॉल प्रदान किए जाएंगे। समिति के उपाध्यक्ष सत्यदीप ने बताया कि समारोह में समकालीन साहित्य और समाज से जुड़े विषय पर संगोष्ठी होगी। आयोजन सचिव महावीर सारस्वत ने बताया कि रामकिशन उपाध्याय स्मृति समाज सेवा सम्मान एवं शब्द शिल्पी सम्मानों की घोषणा भी शीघ्र की जाएगी।